रंग रंगीला फागण | by Juli Singh

रंग रंगीला फागण आया धूम मची खाटू में
मस्ती का रंग सब पे छाया धूम मची खाटू में
लहरें निशान सांवरे का गूंजे जयकार सांवरे का

चले दीवाने हाथ में अपनी श्याम ध्वजा लहराते
नाच झूम के अपनी अदा से सांवरिया को रिझाते
करते गुणगान सांवरे का पाने को प्यार सांवरे का
लहरें निशान सांवरे का गूंजे जयकार सांवरे का

सज धज कर मंदिर में बैठा बाबा लखदातारी
लम्बी लम्बी लगे कतारें चाव दरश की भारी
है दिल में ध्यान सांवरे का करना दीदार सांवरे का
लहरें निशान सांवरे का गूंजे जयकार सांवरे का

चारों तरफ हवा में उड़ता रंग गुलाल अबीरा
ढोल नगाड़े बजते कुंदन बजता चंग मजीरा
चढ़ा परवान सांवरे का नशा दिलदार सांवरे का
लहरें निशान सांवरे का गूंजे जयकार सांवरे का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-by-juli-singh/